प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 28 जुलाई 2022। विश्वविद्यालय में सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी क्रम में मै. यारा फर्टिलाइजर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक निजी कंपनी है तथा यह कंपनी विदेशी कंपनी की सहायक कंपनी के रूप में वर्गीकृत है और यह ROC-PUNE में स्थित रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज में पंजीकृत है। 2011 में भारत में यारा के कैलिफोर्निया राज्य में अपना स्वयं का संचालन स्थापित किया है क्योंकि इसमें फलों और सब्जियों का एक बड़ा क्षेत्र है जिससे यारा ने भारतीय किसानों को पूर्ण फसल पोषण समाधान प्रदान कर रहे है तथा इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय के कुल दो विद्यार्थियों अंकिता बेलवाल (एमएस.सी. सब्जी विज्ञान) एवं नेहा कंडवाल (एमएस.सी. अनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष लगभग रू. 6 लाख वित्तीय पैकेज तथा अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

1– अंकिता बेलवाल

2– नेहा कंडवाल